भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
बेहतर भारत के निर्माण की ओर
राष्ट्रीय मुख्यालय
पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002
वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडीः info@bsgindia.org दूरभाषः+91-11-23370126, 23378667

परिपत्र संख्या : 54/2022
दिनॉक : 25 मार्च, 2022

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

विषयः– वर्ष 2021–22 का वार्षिक प्रतिवेदन एवं सफलता की कहानियाँ।

महोदय/महोदया,

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से शुभकामनाएं!

वित्तीय वर्ष 2021–2022 पूर्ण होने के करीब है। पूर्व की भांति, राज्य संघों की वार्षिक उपलब्धियों को युवा विकास के क्षेत्र में हमारी उपलब्धियों के दस्तावेजीकरण एवं दृश्यता के लिए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स वार्षिक प्रतिवेदन के रूप में संकलित किया जाएगा। हम सभी राज्य संघों को धन्यवाद देते है कि उन्होंने आभासी रूप से गतिविधियों का आयोजन कर क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों को केवल सफल ही नहीं अपितु यादगारपूर्ण भी बनाने हेतु राष्ट्रीय मुख्यालय को अपना सहयोग प्रदान किया।

हमें पूर्ण विश्वास है कि आप 2021–2022 के लजए अपने राज्य संघों को वार्षिक प्रतिवेदन तैयार कर रहे हैं। प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय मुख्यालय को प्रत्येक राज्य द्वारा संचालित गतिविधियों की प्रतिवेदन को अपने वार्षिक प्रतिवेदन में प्रकाशित करना होता है एवं जिसे नवम्बर, 2022 में होने वाली राष्ट्रीय परिषद की बैठक में सभी सदस्यों को वितरित किया जाना है।

प्रत्येक राज्य की गतिविधियों की रिपोर्ट अंग्रेजी और हिन्दी में अलग–अलग तस्वीरों के साथ प्रस्तुत की जाएगी। आपसे अनुरोध है कि 01 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक की अवधि के लिए आपके राज्य द्वारा संचालित/प्रतिभाग/प्रतिनिधित्व वाली गतिविधियों की समेकित रिपोर्ट भेजें। आप अंग्रेजी या हिन्दी में अलग–अलग तस्वीरों के साथ प्रतिवेदन जमा कर सकते हैं। आपकी रिपोर्ट का अंग्रेजी से हिन्दी या हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय मुख्यालय की होगी। यदि आप चाहें तो अलग–अलग सामग्री के साथ अंग्रेजी एवं हिन्दी दोनों में प्रतिवेदन भेजने के लिए स्वतंत्र हैं ताकि हम आपके राज्य की और गतिविधियों को शामिल कर सकें।

यदि प्रत्येक राज्य से समेकित रिपोर्ट 30 अप्रैल, 2022 को या उससे पूर्व राष्ट्रीय मुख्यालय तक पहुँच जाती है, तो हम इसकी सराहना करेंगे।

आपसे तत्काल और सकारात्मक कार्यवाही की अपेक्षा हैं।

सधन्यवाद,

भवदीया,

Dpawaskar

(दर्शना पावस्कर)
संयुक्त निदेशक गाइड
(कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण)DS

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016।
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309।
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब जिला संघ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।
6. सभी सहायक निदेशकों, से अनुरोध है कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में पहल करें और देखें कि उनके सभी राज्य उक्त अंतिम तिथि से पूर्व प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दें।